# कार्यालय जिला पंचायत मैनपुरी।

## ई–निविदा सूची

पत्रांक : 58 /ई–निविदा/नि०अनु०–जि०प०/2026–27 दिनांक : 27.04.2026

| क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्यो का विवरण | कार्य का प्रकार | लम्बाई / संख्या (मी./ अदद) | प्राककलन मूल्य जी.एस.टी. सहित (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (दिन मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घिरोर | ग्राम उसनीधा में लिंक मार्ग से तालाव की ओर नाला निर्माण कार्य | नाला निर्माण | 380 | 2479000 | 49580 | 2925 | 60 |
| 2 | घिरोर | ग्राम रूरिया में गांव से मुख्य लिंक मार्ग के तिराहे तक नाला निर्माण | नाला निर्माण | 325 | 2124000 | 42480 | 2506 | 60 |
| 3 | घिरोर | ग्राम धौरासी में मुख्य मार्ग पर सडक किनारे नाला निर्माण कार्य | नाला निर्माण | 110 | 331000 | 6620 | 391 | 60 |
| 4 | घिरोर | ग्राम कनेगी में मुख्य डामर मार्ग के किनारे से तालाव तक नाला निर्माण कार्य | नाला निर्माण | 350 | 2201000 | 44020 | 2597 | 60 |
| 5 | सुल्तानगंज | ग्राम परतापुर में सी0सी0 नाले के ऊपर चिनाई कार्य | नाला निर्माण | 500 | 2199500 | 43990 | 2595 | 60 |
| 6 | करहल | ग्राम अम्बरपुर (पतारा) में ब्रजेश के घर से कच्चे नाने तक नाला निर्माण | नाला निर्माण | 95 | 625000 | 12500 | 738 | 60 |
| 7 | घिरोर | ग्राम चीतई में मैन सडक के किनारे नाला निर्माण कार्य | नाला निर्माण | 650 | 2273000 | 45460 | 2682 | 60 |
| 8 | बेवर | ग्राम बमिया में अवशेष नाला निर्माण कार्य | नाला निर्माण | 140 | 1088000 | 21760 | 1284 | 60 |
| 9 | जागीर | ग्राम हुसैनपुर में मैनपुरी–कुसमरा मार्ग पर पंकज की दुकान से पुलिया/इण्टरलॉकिंग सडक तक नाला निर्माण | नाला निर्माण | 160 | 1034000 | 20680 | 1220 | 60 |
| 10 | मैनपुरी | ग्राम उदयपुर में ब्रजनन्दन के घर से ग्राम–नगरिया में सुरेन्द्र के घर तक उदयपुर–नगरिया सम्पर्क मार्ग। | लेपन कार्य | 1000 | 2497000 | 49940 | 2946 | 60 |
| 11 | बरनाहल | ग्राम खेडा महान में डामर रोड से राजकिशोर बेस के घर होते हुये चरन सिंह के घर की ओर सी0सी0 | सी0सी0 | 350 | 2499700 | 49994 | 2950 | 60 |
| 12 | मैनपुरी | ग्राम श्रंगारपुर में पप्पू के घर से चन्द्रप्रकाश के घर मंदिर तक परिकमा मार्ग पर सी0सी0 | सी0सी0 | 175 | 821000 | 16420 | 969 | 60 |
| 13 | मैनपुरी | टी0वी0 टॉवर स्थित जिला पंचायत परिसर में आवासों की मरम्मत इत्यादि कार्य | मरम्मत कार्य | 1 | 1500000 | 30000 | 1770 | 60 |

**निविदा सम्बन्धी शर्ते एवं आवश्यक जानकारी–**

01. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को उपरोक्तानुसार विभाग में पंजीकृत होने का पंजीयन प्रमाण पत्र, अद्यतन हैसियत ,चरित्र, जी०एस०टी० पंजीयन, श्रम विभाग का पंजीकरण, पैन कार्ड आदि की स्कैन प्रतियां निविदा के साथ ऑनलाइन अपलोड करने आवश्यक होंगे अन्यथा की स्थिति में निविदा को अयोग्य माना जायेगा।

02. प्रत्येक निविदा के साथ उपरोक्तानुसार निर्धारित 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ०डी०आर० अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, मैनपुरी के पदनाम से बैंक द्वारा कम्पूटराइज्ड बंधक मान्य होगी एवं निविदा मूल्य की धनराशि की डी0डी0 जिलानिधि जिला पंचायत, मैनपुरी के नाम बनवाकर स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी अथवा आनलाइन ***जिला निधि जिला पंचायत मैनपुरी*** के ***बैंक ऑफ इण्डिया, सिविल लाईन्स, मैनपुरी, (IFSC-BKID0007724)*** में खुले खाता संख्या ***772410110012772*** में जमा करनी होगी।

Scanned with OKEN Scanner

निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक निविदादाता को निविदा से सम्बन्धित अपलोड किये गये समस्त प्रपत्र, निविदा डाउनलोड एवं बिड फाइल की अन्तिम तिथि व समय समाप्त होने के बाद सीलबन्द लिफाफे सहित जिला पंचायत में उपस्थित होकर जमा करने होंगे अन्यथा की स्थिति में निविदादाता को तकनीकी रूप अवैद्य मानकर उसकी निविदा टैक्नीकल बिड खोले जाने पर अस्वीकार कर दी जायेगी।

04. प्रत्येक निविदा के साथ 100.00रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र (प्रपत्र टी–6) एवं रिलेशनशिप सम्बन्धी शपथ पत्र, किसी भी विभाग में काली सूची में शामिल न होने सम्बन्धी शपथ पत्र, किसी भी माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यो एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त न होने सम्बन्धी शपथ पत्र एवं 100.00रू0 के स्टाम्प पेपर पर निमार्ण कार्य हेतु आवश्यक टी० एण्ड पी० व कुशल श्रमिक की उपलब्धता सम्बन्धी शपथ पत्र और प्रत्येक निविदादाता द्वारा निविदा के साथ 100.00रू0 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर स्वहस्ताक्षर सहित निविदा की वैद्यता 02 माह तक बनाये रखने की घोषणा करने सम्बन्धी शपथ पत्र की स्कैन प्रतियां निविदा के साथ ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा।

05. डामरीकण/मरम्मत सम्बन्धी निविदाओं में केवल वही ठेकेदार भाग ले सकेंगे जिनके पास अपने स्वामित्व अथवा किराये पर लिया गया हॉट मिक्स प्लांट, पेवर एवं आवश्यक मशीनरी व कुशल श्रमिक आदि समस्त व्यवस्थायें उपलब्ध हों, इसके प्रमाण के लिये ठेकेदार को बिड फाइल करते समय हॉट मिक्स प्लांट, पेवर मशीन व अन्य दक्ष लेवर की उपलब्धता विषयक शपथ पत्र एवं इसे सिद्ध करने के लिये स्वामित्व/कियायानामा की प्रमाणित प्रति साइट पर अपलोड करनी होगी।

06. ई–निविदा को डाउनलोड करने से पूर्व ठेकेदार भली–भाँति अपनी निविदा जाँच लें, डाउनलोड होने के उपरान्त प्राप्त निविदा में किसी भी प्रकार का क्लेम अथवा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

07. निर्माण कार्यो के प्राक्कलन में जी०एस०टी० निर्धारित नियमानुसार 18 प्रतिशत का प्राविधान किया गया है।

08. शासनादेश संख्या 622/23–12–2012–2ऑडिट/08टी0सी0–02 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत Below पर 0.50 प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफॉरमेन्स गारन्टी ली जायेगी। अतिरिक्त राशि जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

09. समस्त निविदाओं में कार्यो की न्यूनतम डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि दो वर्ष की होगी।

10. किसी भी ई–निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी मा० अध्यक्ष, जिला पंचायत मैनपुरी में निहित होगा तथा ई–निविदा निरस्त/अस्वीकृत/स्वीकृत होने की दशा में निविदा प्रपत्र मूल्य वापस नहीं किया जायेगा और न ही पूर्व में डाली गयी निविदा का मूल्य समायोजित किया जायेगा।

11. ठेकेदार को ई–निविदा के साथ वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 का सम्पत्ति एवं विभवकर व लाइसेंस शुल्क जिला पंचायत, मैनुपरी कार्यालय में जमा कर प्राप्त रसीद की कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी। जिसके अभाव में ठेकेदार की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

12. ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्रों में सभी प्रपत्रों की छायाप्रति को फर्म की मोहर के साथ स्वप्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।

13. पंजीकृत ठेकेदार का ठेका स्वीकृत होने के पश्चात यदि कभी यह संज्ञान में आता है कि ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यो एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों आदि में लिप्त है तो उसे प्रदत्त कार्य का ठेका नोटिस निर्गत कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा।

14. जिला पंचायत मैनपुरी में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त अन्य ठेकेदारों की निविदा यदि न्यूनतम पायी जाती है तो उन्हें एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार जिला पंचायत में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क अंकन रू० 10,000.00 **जिला निधि जिला पंचायत मैनपुरी** के पक्ष में **बैंक ऑफ इण्डिया, सिविल लाईन्स, मैनपुरी, (IFSC-BKID0007724) में खुले खाता संख्या 772410110012772** के में **डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई–बैंकिंग के माध्यम से** जमा कराना होगा तथा समस्त वांछित अभिलेखों की मूल प्रति अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, मैनपुरी कार्यालय में पंजीकरण हेतु उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तदोपरान्त निविदा की शर्तो के अनुसार जमानत की धनराशि जमा करते हुये अनुबन्ध गठित किया जायेगा।

15. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। एक कार्य पर एक बिडर द्वारा एक ही बिड मान्य होगी अन्यथा की स्थिति में निविदादाता को अयोग्य माना जायेगा।

16. यदि निविदा सूचना में अंकित कोई भी परियोजना किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित/निमार्णाधीन, प्रस्तावित अथवा स्वीकृत पायी जाती है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।

17. शासन से धन उपलब्ध होने के आधार पर निविदाओं के अनुबन्ध गठन आदि की कार्यवाही की जायेगी।

18. अन्य जानकारी एवं आवश्यक शर्तें कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

19. जिला पंचायत, का प्रबन्ध मण्डल/स्टाफ का कोई रिश्तेदार तथा बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया का सदस्य निविदा आमन्त्रण की प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।

Scanned with OKEN Scanner

यदि किसी ठेकेदार द्वारा पूर्व में लिये गये निर्माण कार्य को यदि पूर्ण नहीं कराया गया है, तो वह ठेकेदार इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपात्र होगा और यदि वह इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेकर टेण्डर प्राप्त करता है तो उसका टेण्डर स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

(क्षमा गुप्ता)
अभियन्ता
जिला पंचायत मैनपुरी।

(विद्या शंकर पाण्डेय)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत मैनपुरी।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिला पंचायत, मैनपुरी।

पत्रांक /ई–निविदा/नि0अनु0/जि0पं0/2026–27 दिनांक

**ई–निविदा सूचना**

प्रदेश की समस्त जिला पंचायतों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग अनुदान/केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) से प्राप्त/आवंटित होने वाली धनराशि के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजनाओं को सम्पादित कराये जाने हेतु दिनांक 02.05.2026 को सांय 05:00 बजे से दिनांक 23.05.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक ई–निविदा पोर्टल http:etender.up.nic.in पर डाउनलोड एवं बिड फाइल/सबमिट किये जा सकते हैं। उक्त ई–निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 25.05.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से गठित निविदा समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी http:etender.up.nic.in पर व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, मैनपुरी से की जा सकती है।

**नोटः–** जनपद की समस्त कार्यदायी संस्थाओं (लो0नि0वि0, आर0ई0डी0, मण्डी परिषद, नहर विभाग, नलकूप विभाग, समस्त ग्राम पंचायतें व क्षेत्र पंचायतें) से अनुरोध है कि उक्त निविदा सूचना ई–निविदा पोर्टल http:etender.up.nic.in पर अपलोड कार्यों की सूची में से यदि कोई भी कार्य आपके द्वारा स्वीकृत अथवा प्रस्तावित किया गया है तो 15 दिवसों के अन्दर इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में इस कार्यालय द्वारा यह माना/समझा जायेगा कि उपरोक्त समस्त परियोजनाऐं आपके द्वारा स्वीकृत/प्रस्तावित नहीं की गयी हैं।

| | | |
|---|---|---|
| (क्षमा गुप्ता) | (विद्या शंकर पाण्डेय) | (अर्चना भदौरिया) |
| अभियन्ता, | अपर मुख्य अधिकारी, | अध्यक्ष, |
| जिला पंचायत, मैनपुरी। | जिला पंचायत, मैनपुरी। | जिला पंचायत, मैनपुरी। |

पं0सं0 58-VI/ई–निविदा/नि0अनु0/जि0पं0/2026–27 दिनांक 27.04.2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 अध्यक्ष महोदया, जिला पचांयत, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मैनपुरी को सादर सूचनार्थ।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, मैनपुरी को इस आशय से कि उक्त ई–निविदा सूचना को जनपद मैनपुरी की वेबसाईट (https://mainpuri.nic.in) पर अपलोड करने हेतु।
5. अभियन्ता/वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत, मैनपुरी को अनुपालनार्थ।
6. सम्पादक, अमर उजाला एवं दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विज्ञप्ति अपने समाचार पत्र के आगामी अंक में सूक्ष्म अक्षरों व न्यूनतम स्थान में सरकारी दरों पर प्रकाशित कराकर समाचार पत्र व बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रस्तुत करने हेतु।
7. जनपद की समस्त कार्यदायी संस्थाओं/विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, मैनपुरी।

Signature Not Verified
Digitally signed by VIDYA SHANKAR PANDEY
Date: 2026.05.05 11:12:19 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner